कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)
गांधी चौक के पास नया मुख्यालय भवन रायपुर
फोन नं. : 2535780, 90, फैक्स : 0771–2227395, E - mail -: dc_rmc@rediffmail.com

क्र./5446/न.पा.नि./PMAY-HFA/2023 रायपुर, दिनांक 20/04/2023

//आम सूचना पत्र//

नगर पालिक निगम, रायपुर द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना में **"मोर मकान–मोर आस"** योजना अंतर्गत विज्ञापन क्रमांक 02/2022 दिनांक 16.12.2022 जारी कर कुल 02 स्थलों (परियोजना–1015 के **लाभाण्डी–232** के 150 नग आवास एवं परियोजना 560 के **पुरैना–160** के 26 नग आवास) के लिए 176 मकानों का ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किया गया था।

सर्व सधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त विज्ञापन अंतर्गत परियोजना–1015 के **लाभाण्डी–232** एवं परियोजना 560 के **पुरैना–160** के पात्र एवं प्रतिक्षारत् सूची के आवेदक जिन्हे मकान आँबंटित नही हो पाया है। इच्छुक आवेदक अपनी पसंद से विज्ञापन क्रमांक 01/2022 अंतर्गत निम्नानुसार परियोजनाओं के अंतर्गत आबंटन उपरांत शेष बचे आवासों का आबंटन, इस कार्यालय में अपनी सहमति प्रस्तुत कर एवं हितग्राही अंशदान जमा कर करा सकते है। परियोजनाओं का विवरण निम्नानुसार है:–

सं.क्रं.	कॉलोनी का नाम	परियोजना का नाम	विज्ञापित आवास	आबंटित	शेष
1	दलदल सिवनी	1015	435	216	219
2	कचना	899	232	129	103
3	कचना	754	290	46	244
4	कचना	870	290	146	144
5	कचना	1044	290	48	242
Total			**1537**	**583**	**952**

अतः परियोजना–1015 के **लाभाण्डी–232** एवं परियोजना 560 के **पुरैना–160** के पात्र एवं प्रतिक्षारत् सूची के हितग्राहियों को सूचित किया जाता है, कि आवास आबंटन हेतु मुख्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर के कक्ष क्र. 414 में दिनांक 21/**04/2023 से** 12/**05/2023** तक आवश्यक रूप से उपस्थित होकर हितग्राही अंशदान जमा करना सुनिश्चित करें। निर्धारित तिथि तक हितग्राही द्वारा, हितग्राही अंशदान की राशि जमा किये जाने के उपरांत ही लॉटरी के माध्यम से ब्लॉक एवं फ्लैट नम्बर प्रदान किया जावेगा।

यह आम सूचना पत्र ऑनलाईन नगर पालिक निगम, रायपुर की वेबसाइट www.nagarnigamraipur.nic.in के "शीर्षक" "मोर मकान–मोर आस आवेदन" एवं नगर निगम रायपुर के सूचना पटल पर अवलोकन हेतु प्रकाशित की जा रही है।

20/4/2023

नोडल अधिकारी
(PMAY-HFA)
नगर पालिक निगम,
रायपुर (छ.ग.)